>

Title: Need to make arrangements for drinking water and irrigation facilities in Giridih Parliamentary Constituency.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र जो झारखंड प्रदेश के अन्तर्गत आता है, **...**(व्यवधान) उस क्षेत्र के पीने के पानी के संदर्भ में बताना चाहता हूं कि चूंकि वह कोयलांचल का क्षेत्र है और काफी गहराई में पानी उपलब्ध होता है। हम लोगों ने बराबर इस विषय को लोकसभा में रखने का काम किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी और शहरी क्षेत्रों में भी शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हो।**...**(व्यवधान) भारत सरकार के संज्ञान में समय समय पर इस विषय को हम लोग लाते रहे हैं लेकिन आज की तारीख में जो कोयलांचल का क्षेत्र है, जो ग्रामीण बहुल क्षेत्र है और खासकर जो झुमरा पहाड़ हैं, जो गोमिया प्रखंड के अन्तर्गत आता है, वहां पर झरने से पानी उपलब्ध कराया जाए ताकि वहां के लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके तथा सिंचाई की व्यवस्था हो सके। **...**(व्यवधान) समय समय पर भारत सरकार से हम लोगों ने मांग की है कि सिंचाई की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाए। यही मेरा आपसे निवेदन है।